### नवरात्र के समय भी धनबाद को नहीं मिली, लेकिन देशभर में चली थी 283 ट्रेनें, पिछले साल धनबाद से सीतामढ़ी के लिए चली थी छठ पूजा व होली स्पेशल

# देशभर में चल रही 208 होली स्पेशल, धनबाद से एक भी नहीं, नियमित ट्रेनों में वेटिंग

**राजा गुप्ता। धनबाद**

भारतीय रेलवे में धनबाद समेत 74 रेल मंडलों से होकर रोजाना 13,523 ट्रेनें गुजरती है, जिसमें होली पर्व को लेकर काफी भीड़ है. रेलवे सूत्रों के अनुसार यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था की और अभी देशभर में 208 होली स्पेशल ट्रेनें चला रही है. जबकि सबसे अधिक कमानेवाली और हर साल नंबर वन का खिताब जीतनेवाली धनबाद रेल मंडल को होली स्पेशल ट्रेन देना भूल गई. गत दिनों धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा ने रेलवे मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था. बिहार के लोग काफी संख्या में धनबाद में रहते हैं, जो पर्व में अपने गांव जाते हैं. हर साल धनबाद से छठ व होली स्पेशल चलती है. पिछले साल नवरात्र के समय भी धनबाद को एक भी स्पेशल ट्रेन नहीं मिली थी. जबकि देशभर में 283 पूजा स्पेशल ट्रेनें चली थी.



### नियमित ट्रेनों में हेडक्वार्टर कोटा और तत्काल ही सहारा

यात्रियों का कहना है कि नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग होने के कारण हेडक्वार्टर कोटा और तत्काल टिकट ही सहारा है. हालांकि इन टिकटों पर जरूरतमंदों की बजाय दलालों और पैरवी वालों का ही कब्जा रहता है. जिसका संबंध टिकट दलालों या रेलवे अधिकारियों के करीबी लोगों से हैं, उन्हे हेडक्वार्टर कोटा से वेटिंग टिकट कंफर्म हो जाता है. इसके अलावा तत्काल पर पूरी तरह से टिकट दलालों का ही कब्जा है. इस टिकट को प्राप्त करने के लिए आम व्यक्ति को काफी मशक्कत करनी पड़ती है, फिर भी जल्दी कंफर्म नहीं मिलता है. कोटा से कंफर्म करानेवाले और कंफर्म तत्काल टिकट देनेवाले दलाल टिकट के बराबर अलग से कीमत लेते हैं. सबसे अधिक राजधानी, पूर्वा, नेताजी एक्सप्रेस, मुंबई मेल आदि लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी होती है. इस ट्रेन से सफर करनेवाले यात्री दलालों का सहारा ढूंढते हैं. पर्व, लगन के समय दलालों का काफी डिमांड रहता है. दलाल धनबाद स्टेशन रोड से लेकर धनसार, झरिया, सरायढेला समेत कई इलाकों में रहते हैं. कुछ टिकट दलालों पर कभी कभार आरपीएफ की ओर से शिकंजा कसा जाता है, लेकिन वे लोग एक-दो दिन में जमानत पर छूट जाते हैं. उसके बाद पुराने धंधे पर लग जाते हैं.

### शताब्दी में दंपती से किराया के साथ लिया केटरिंग चार्ज, चाय-नाश्ता भी नसीब नहीं

**धनबाद।** ट्रेन नंबर 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस में धनबाद से रांची तक सफर कर रहे धनबाद के दंपत्ति से टिकट में बेसिक किराया के साथ-साथ कैटरिंग चार्ज भी लिया गया, लेकिन आईआरसीटीसी की ओर से वेलकम किट तक नहीं दिया गया. यात्री कन्हैया कुमार ने इस संबंध में डीआरएम हावड़ा व आईआरसीटीसी को ट्वीट कर एक्स ऐप से जानकारी दी. फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. रेलवे के नियमानुसार यात्री को ट्रेन में सवार होने के बाद वेलकम किट दिया जाता है. जिसमें चाय, पानी व नाश्ता होता है, लेकिन धनबाद से रांची के बीच सफर के दौरान बोकारो तक कुछ भी नहीं दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### फगुआ गीतों पर खूब थिरके लोग

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के ढांगी में झारखंड जनहित मोर्चा ने गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया. इस दौरान गायक मंडली ने ढोलक और झाल की थाप पर भक्ति व फगुआ के गीतों की प्रस्तुति दी. सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. झारखंड जनहित मोर्चा के अध्यक्ष माना पाठक ने कहा कि कहा कि होली हिंदुओं का पवित्र पर्व है. यह पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का परिचायक है. हम सबों को चाहिए कि अपनी बुराइयों को होलिका में दहन कर दें.

### सरकारी काम में बाधा के आरोपियों को राहत

**धनबाद।** सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वह पुलिस बल पर हमला करने के छह आरोपियों को गुरुवार को अदालत से बड़ी राहत मिली. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी गोविंदपुर पथुरिया निवासी अनवर अंसारी, इरफान अंसारी ,मनीरूद्दीन अंसारी, नजरुल अंसारी, दयामई गोराई ,शब्बीर अंसारी को रिहा करने का आदेश दिया है. निचली अदालत में सभी आरोपियों को तीन माह कैद की सजा सुनाई थी.

### झरिया पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च

**झरिया।** लोकसभा चुनाव एवं होली को लेकर झरिया में फ्लैग मार्च किया गया. इस दौरान पुलिस ने लोगों को आपसी भाईचारा के साथ होली मनाने की अपील की. फ्लैग मार्च निकालकर जनता को आदर्श आचार संहिता का पालन करने व भय मुक्त मतदान को जागरूक किया. साथ ही यह संदेश भी दिया कि गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. वहीं होली में हुड़दंग मचाने वालों पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.फ्लैग मार्च झरिया थाना चौक, कतरास मोड़, भगतडीहा, बस्ताकोला, सब्जी पट्टी झरिया बाजार से गुजरा.

### बाल विवाह रोक थाम के लिए कार्यशाला

**महुदा।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए महुदा के कंचनपुर में गुरुवार को पंचायत स्तरीय कार्यशाला हुई. कार्यशाला का आयोजन बाल कल्याण समिति रांची व गर्ल्स नॉट ब्राइट्स ने किया. इसमें पाथरगड़िया पंचायत के वार्ड सदस्य, महिला मंडल, किशोरी किशोरी मंडल व आंगनबाड़ी सेविकाएं सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है. बाल विवाह करने और कराने वाले दोनों समान रूप से दोषी हैं.

### आदर्श आचार संहिता का करना होगा पालन

# राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए लेनी होगी अनुमति : उपायुक्त

**संवाददाता। धनबाद**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली त्यौहार को लेकर गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है. साथ ही पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है. इसलिए कोई भी राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है. कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है. यदि आयोग के दिशा निर्देश का उल्लंघन होगा तो अनुमति लेने वाले पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा. उपायुक्त ने कहा कि इसलिए किसी भी कार्यक्रम के आयोजक मॉडल कोड आफ कंडक्ट के सभी नियमों को अच्छे से पढ़ ले और उसका पालन सुनिश्चित करे.

- सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित

**होली में डीजे पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध :** उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी. इस आदेश का उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी. उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की.

**खास बातें**
- सभी की धार्मिक भावना का रखे ध्यान : एसएसपी
- होली के दौरान डीजे पर रहेगी पाबंदी

### जिला प्रशासन का राज चलेगा, अपराधी नहीं

शांति समिति की बैठक में विधि व्यवस्था पर उठाए मुद्दे पर उपायुक्त ने कहा कि धनबाद में प्रशासन का राज चलेगा, किसी अपराधी का नहीं .उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे. अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है. उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अवैध शराब कारोबारियों की सूचना जिला प्रशासन को दे. ऐसी सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी .स्ट्रीट लाइट की समस्या पर उपायुक्त ने नगर निगम को सभी हाई मास्ट लाइट को दुरुस्त करने और पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.




### सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि होली के सथ-साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है. उसका भी सभी को आदर करना है. किसी की धार्मिक भावना को आहत नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखना है. एसएसपी ने कहा कि त्यौहार के साथ चुनाव भी होने है. सभी को विशेष सतर्कता बरतनी है. किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है. सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की है. सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा. किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी. एसएसपी ने लोगों से संदिग्ध आचरण वाले लोगों की सूचना देने की अपील की. कहा कि लोगों को एकता दिखानी है. किसी भी अपराधी को समाज में स्थान नहीं देना है. साथ ही कहा कि सभी थाना क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी. जहां बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे वहां मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी. जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में बैजनाथ यादव, भोला राम, भगत सिंह, आनंद कुमार सिंह, मेराज खान, संतोष कुशवाहा, राजकुमार प्रमाणिक, सुनील पांडेय, रितेश बहादुर सिंह, अब्दुल समत अंसारी, राम गोपाल भुवानिया, एजाज अहमद, आनंद कुमार, सावित्री पांडेय, सुधीर महतो, तारा पदो धीवर, रतीलाल महतो, जीतेश सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने-अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे. इसमें मुख्यत जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को आइडेंटी कार्ड जारी करने, अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने, लहरिया स्टाइल में मोटरसाइकिल चलाने वाले युवाओं पर कार्रवाई करने, नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने, सड़क पर वाहनों में बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने, होली के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक उपलब्ध कराने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए. जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा उपस्थित थे.

### चुनाव कार्यों में और तेजी लाने का निर्देश

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वन के लिए सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम चिह्नित करने, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के रुकने के स्थान, हेलीकॉप्टर लैंडिंग के लिए चिन्हित स्थान सहित अन्य विषयों की समीक्षा की. साथ ही सभी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी एईआरओ को उनके क्षेत्र के प्रत्येक बूथ का भौतिक सत्यापन कर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के रकने के स्थान की प्रखंड मुख्यालय एवं संबंधित थाना से दूरी, कमरों की संख्या, अगर वहां कोई मतदान केंद्र है तो उसकी संख्या इत्यादि का भी बारीकी से विश्लेषण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा इंटरमिडिएट स्ट्रांग रूम चिह्नित करने का निर्देश दिया. साथ ही हेलिकॉप्टर लैंडिंग के लिए चिह्नित लैंडिंग स्थल की लोंगिट्यूड - लेटिट्यूड सहित पूरा विवरण उपलब्ध कराने और सुरक्षा दृष्टिकोण से उक्त स्थल का स्वयं भौतिक सत्यापन करने, मतदाता पहचान पत्र के लिए प्राप्त फॉर्म 6, 7 व 8 का निरंतर निष्पादन जारी रखने का निर्देश दिया.

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मैथन उत्सव संपन्न




**संवाददाता। मैथन**

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरुस्कार वितरण के साथ 18 वां मैथन उत्सव गुरुवार को संपन हो गया. अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांध लोगों को झूमने पर मजबूर किया. वहीं केन्द्रीय जल आयोग मैथन के डायरेक्टर शशि राकेश ने अपने बेहतरीन नगमों से सभी को मंत्रमुग्ध किया. समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. मौके पर पूर्व विधायक निरसा अरूप चटर्जी ने मैथन उत्सव के सफल आयोजन के लिए उत्सव कमिटी को बधाई दी और कहा कि उत्सव का मूल उद्देश्य उभरते हुए प्रतिभाओं को मंच देना रहा है.

इस बार भी सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने प्रतिभा व हुनर का प्रचम लहराकर सफलता हासिल किया. उन्होने खासकर गृहणियों के जज्बे को सलाम किया और कहा कि आगे भी उनके लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें. साथ ही उत्सव को और भी विस्तृत रूप दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभगियों को मौका मिल सके. वर्तमान में मैथन उत्सव एक अलग पहचान बन चुका हैं. देर शाम ज्योति डांस एकाडेमी, बीट डांस, नृत्य उपासना के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को थिरकने पर मजबूर किया. खासकर थीम आधारित डांस को हर कोई ने सराहा. कार्यक्रम के दौरान ड्राविंग, सिंगिंग, डांस एवं अन्य प्रतियोगिता के सफल प्रतियोगी को अरूप चटर्जी, अनिदिता चटर्जी, सीआर साहा एवं शशि राकेश ने पुरस्कृत किया. संचालन चंडीचरण चक्रवर्ती ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया मनोज राउत, रवि साहनी, रतन सरकार, मानस नस्कर, बापी दा, मो. अलाउद्दीन, मो. पप्पू रहमान, सुभाष अड्डी, शेख कमरुद्दीन, प्रवीर दत्ता, दीप नारायण सिंह , राजू मुखर्जी, उज्ज्वल दास, चिंटू विश्वकर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा.

**खास बातें**
- बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सम्मानित किए गये
- बच्चों के नृत्य ने लोगों के थिरकने पर मजबूर किया

## दंडाधिकारी ने प्रभाव में आकर एकपक्षीय कार्रवाई की: अनिता

**संवाददाता। कतरास**

तेतुलमुडी में हुए गोली व बमचालन की घटना में अभियुक्त बनाए जाने पर कॉंग्रेस नेत्री अनिता देवी ने धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक तथा ग्रामीण एसपी को पत्र देकर गलत ढंग से मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया हैं.साथ ही घटना के दिन प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी बबलू दास की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए एक व्यक्ति के प्रभाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया है.महिला नेत्री ने आवेदन में उल्लेख किया है कि घटना आठ मार्च को हुई. जबकि वे निजी कारणों से 07 मार्च को अपने ससुराल चली गई थी, जो कि उनके मोबाइल लोकेशन जांच करने से स्पष्ट हो जाएगा.

**आवाज उठाने की सजा :** अनीता देवी ने आरोप लगाया की सिजुआ के ग्रामीणों के साथ लगातार हो रहे जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने के कारण बेवजह उक्त मामला में उनका नाम दिया गया है .महिला नेत्री अनीता देवी ने आरोप लगाया कि घटना के दिन प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी बबलू दास ने जिस प्रकार से एकपक्षीय आवेदन दिया हैं तथा निर्दोष लोगों को फंसाया हैं, इससे स्पष्ट हैं कि दंडाधिकारी एक विशेष पक्ष से मिले हुए हैं. बबलू दास जो कनीय अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की कॉल हिस्ट्री भी प्रशासन निकाले ताकि उसकी निष्पक्षता की भी जांच हो सके. अनीता देवी ने जांच कर निर्दोष लोगों को दोषमुक्त करने का आग्रह किया है.

**खास बातें**
- कांग्रेस की महिला नेत्री ने एसएसपी को लिखा पत्र
- दंडाधिकारी की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न खड़ा किया

### 32 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी


**धनबाद।** महाप्रबंधक अशोक सिन्हा के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया . बिजली चोरी मामले में विभाग ने धनबाद सर्किल में 32 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है . विभाग ने धनबाद सर्किल में कुल 224 जगहों में रेड किया है जिसमे 7 लाख 44 हजार रुपये फाइन किया गया है.बता दें कि धनबाद डिवीजन में 45 जगहों पर हुई छापेमारी में 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है .इसके साथ ही एक लाख 91 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. वही गोविंदपुर में 38 जगहों पर छापेमारी कर 6 लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया है और एक लाख 21 हजार का फाइन किया गया है . निरसा में 77 जगहों पर हुए छापेमारी में 10 लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया और तीन लाख 30 हजार फाइन किया गया है . झरिया में 64 जगहों पर रेड की गई जिसमें 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई.

## काजू गोदाम में आग, 5 करोड़ का नुकसान, ढाई करोड़ के काजू जले

**संवाददाता। धनबाद**

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मयूर विहार कॉलोनी स्थित मिलेनियम काजू इंडस्ट्रीज सूसनीलेवा के गोदाम में आग लगने से लगभग 5 करोड़ की संपति का नुकसान हो गया. गुरुवार की रात काजू के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. गोदाम में रखे लगभग ढाई करोड़ के काजू जलकर राख हो गए, वहीं आग बुझाने के क्रम में दो से ढाई लाख के काजू पानी लगने के कारण खराब हो गया है.

काजू गोदाम में बाहर से काजू मंगवा कर उसे मशीन द्वारा रिफाइन करने और फिर बाजार में सप्लाई करने का काम यहां होता है, काजू गोदाम के मालिक विकाश वशिष्ठ और विजय वशिष्ठ हैं, बैंक मोर के रहने वाले दोनों सगे भाई हैं. बताया जा रहा है कि गुरुवार को गोदाम में काम खत्म होने के बाद यहां के बीस कामगार गोदाम को बंद कर चले गए थे, पड़ोसी ने आग लगने की सूचना दी, इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया, विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया.



### हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई : ओपी प्रभारी

**महुदा।** रंगों को त्योहार होली पर्व को लेकर गुरूवार की संध्या भाटडीह ओपी परिसर में ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में सभी समुदाय के लोगों ने होली के त्यौहार को शांति एवं सदभावना पूर्वक मनाने की बात कही. जनप्रतिनिधियों एवं समाजिक कार्यकर्ताओ ने थानेदार से अपील की और कहा कि जो लोग शराब पीकर हंगामा करें या वैसे स्थान जहां अवैध तरीके से होली के समय शराब की खरीद बिक्री की जा रही है, उन जगहों को चिह्नित कर उन पर त्वरित कार्रवाई करेंगे. शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कानूनी कारवाई करें. बैठक को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह ने कहा कि होली के त्योहार को शांतिपूर्वक मनाये. किसी प्रकार की अशांति न फैलाये. अगर कहीं विधि व्यवस्था पर आंच आती है तो हमें सूचित करें. तुरन्त उस पर विधिवत कार्रवाई करेंगे. साथ ही अफवाह पर ध्यान न दें. छोटी छोटी बातों को आपस में बैठकर सुलझायें. उन्होंने होली में डीजे साउण्ड का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया. मौके पर दीप नारायण शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि संपद घोषाल उपस्थित थे.

**सिंगल यूज प्लास्टिक** निगम की छापेमारी का शहर में दिखने लगा असर

## हीरापुर की 25 दुकानों में प्लास्टिक की जांच

**संवाददाता। धनबाद**

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम के इम्फोर्समेंट टीम की छापेमारी गुरुवार को भी जारी रही. शहर के हीरापुर बाजार के 25 दुकानों में निगम की टीम ने जांच की . जिसमें मात्र चार दुकानों में ही सिंग्ल यूज प्लास्टिक मिले. इन दुकानों से दस से बारह किलो प्लास्टिक जब्त किए गए हैं. इसके साथ ही दुकानदारों पर तीन हजार का जुर्माना भी लगाया गया है. निगम की टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि यदि दोबारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मौके पर सहायक नगर आयुक्त संतोषिणि मुर्मू, नगर प्रबंधक रणधीर वर्मा, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं निगम के सुरक्षा बल थे.



**निगम की लगातार छापेमारी का दिखने लगा असर :** निगम की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शहर में लगातार छापेमारी की . जिसमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक एवं प्लास्टिक के सामान को जब्त किया गया एवं जुर्माना भी लगाया गया है . जिसके बाद इस कार्रवाई का असर भी दिखने लगा है. दुकानों में प्लास्टिक की जगह ठोंगे में समान की बिक्री की जाने लगी है . आम लोग भी घर से थैला लेकर बाजार आने की शुरुआत कर चुके हैं . प्लास्टिक की ग्लास की जगह कागज के ग्लास एवं प्लास्टिक के चम्मच की जगह लकड़ी के चमच्च बाजार में दिखने लगे हैं . थर्मोकोल के प्लेट की जगह पत्ते एवं कागज के प्लेट आ गए हैं . फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि दुकानदारों के साथ आम लोग भी जागरूक हो रहे हैं . यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी जिससे प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल, भंडारण एवं बिक्री न हो.

### नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का किया उद्भेदन

**तोपचांची।** धनबाद एक्साइज विभाग लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर छापेमारी अभियान तेज कर दी है. एक्साइज विभाग को सूचना मिली थी कि नकली शराब तोपचांची थाना क्षेत्र रांगाडीह में बनाई जा रही है.जिसके बाद एक्साइज विभाग टीम ने तोपचाची थाना क्षेत्र के रंगाडीह में मंटू गोस्वामी के आवास से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करने पहुंची.मौके से 15 पेटी अवैध नकली अंग्रेजी शराब विभाग ने जब्त की. साथ ही कॉर्क,ढक्कन, झारखंड सरकार स्टिगर आदि भी जब्त किया. जब्त शराब को टीम एक्साइज कार्यालय लेकर आ गई.

## सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित है : चंद्रप्रकाश

**संवाददाता। कतरास**

झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है.लगभग सीटों पर उम्मीदवारों की नामों की घोषणा हो चुकी है.एक दो सीटों पर उम्मीदवारो की घोषणा बाकी है जो बहुत जल्द कर दी जाएगी . उक्त बातें गुरुवार को कतरास सर्राफा संघ के द्वारा सूर्य मंदिर प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह में गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पत्रकारों से कही.पत्रकारों के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी व संगठन से उपर कोई नहीं है. हमें गिरीडीह की जनता ने पांच साल काम करने का मौका दिया. हम जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतारने का प्रयास किया. मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी हमें सेवा करने का अवसर मिलेगा. चुनाव की तैयारी जोर शोर से चल रही है. क्षेत्र के हर बूथ व लोगों के घरों तक पहुंच कर पार्टी के विचारों व विकास कार्यों पहुंचा जा रहा है.प्रधामंत्री मोदी जी का नारा इस बार चार सौ पार पूरा होगा.वहीं होली मिलन समारोह के दौरान सांसद ने उपस्थित लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आग्रह किया.मौके पर सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी,प्रिंस शर्मा, जागो संस्था प्रमुख चुन्ना यादव उपस्थित थे.

**शपथ पत्र**

मैं बिनीता साहू, पति- श्री योगेश कुमार साहू, निवासी-201, कृष्णा अपार्टमेंट, रातु रोड, रांची, थाना-(कोतवाली) सुखदेवनगर जिला रांची। शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि :-

1. यह कि मैं दिनांक 12.03.2024 को रांची कचहरी में मूल दस्तावेज़ संख्या (1)1664 दिनांक 08.02.1990, (2) मूल दस्तावेज़ संख्या 588, 589, 590 एवं 591 सभी दिनांक 09.11.2012 एवं (3) मूल दस्तावेज़ संख्या 603, 604 दिनांक 10.11.2012 सभी दस्तावेजों को फोटो कॉपी कराने के लिए गई थी तथा फोटो कॉपी कराकर लौटने के क्रम में उक्त सातों मूल दस्तावेज़ रास्ते में कहीं गिर गया, जिसे काफी खोजबीन करने पर भी मुझे नहीं मिला।
2. यह कि यह शपथ पत्र मैं ऊपर वर्णित मूल दस्तावेजों के खोने के संबंध में सम्पादित कर रही हूं, मेरा कथन पूर्णतः सत्य है।

Aff. No. 193/14-03-24

## ब्रीफ खबरें

### आंख में तीर घुस जाने से व्यक्ति घायल हुआ

**साहिबगंज।** राजमहल के तीनपहाड़ थाना अंतर्गत दरला गांव निवासी एक व्यक्ति की आंख में तीर घुस जाने से वह घायल हो गया. जानकारी के अनुसार बीती रात कार्तिक राय (उम्र 40) अपने कमरे में सो रहा था. इसी दौरान दो बिल्ली आपस में झगड़ा कर रही थी.उसी दौरान घर में रखा तीर गिरकर सो रहे कार्तिक राय की आंख में जा घुसा. जिससे वह बुरी तरह धायल हो गया. परियोजनों की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल स्वास्थ केद्र लाया गया. जहां अपरेशन कर आंख से सफलतापूर्वक तीर को निकाला गया.

### गावां में माले का होली मिलन समारोह आज

**गावां (गिरिडीह)।** भाकपा माले के द्वारा शुक्रवार को बिश्नीटीकर स्थित पूर्व विधायक राजकुमार यादव के आवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम को लेकर के तैयारी की जा रही हैं. माले कार्यकर्ता अखलेश यादव ने कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार यादव की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसमें होली मिलन के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा की जाएगी.

### होली, रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोमो ।** होली और रमजान को लेकर गुरुवार को हरिहरपुर थाना गोमो में शांति समिति की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गिरधर गोपाल ने की. बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने का निर्णय लिया गया. सर्किल इंस्पेक्टर सह तोपचांची प्रभारी संजय कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की. कहा कि आचार संहिता लागू है इसलिए होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा.

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**साहिबगंज।** गुरुवार को डॉ. अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन, साहेबगंज के द्वारा संयुक्त स्वास्थ्य भवन, साहेबगंज के सभागार मे एनपीसीडीसीएस, एनपी - एनसीडी, एवं एनपीएचसीई, मॉडुल से सम्बंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया. जिसमें साहेबगंज जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को सिविल सर्जन के द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य कैंसर (मुंह, स्तन और गर्भाशय) की रोकथाम, नियंत्रण और जनसंख्या स्तर पर जांच आदि मॉड्यूल के विषय में विस्तृत जानकारी दी. इस अवसर पर सत्तीबाबू डाबरा, जिला वीबीडी, सलाहकार, हीना गौरव वर्णवाल, डीपीएम, राजीव रंजन, डीपीएम, कोर्डिनेटर, सूरज कुमार, राजीव पॉल, सभी चिकित्सा पदाधिकारी आदि मौजूद थे.

### फंदे से लटका मिला 32 साल के युवा का शव

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के खटपोंक पंचायत के कर्णपुरा में एक व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है. घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है. मृतक का नाम कर्णपुरा निवासी 32 वर्षीय उमेश यादव है. घटना के पीछे आपसी विवाद कारण बताया जा रहा है. पुलिसिया जांच के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा. मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान होने को भी बात सामने आ रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक उमेश यादव के परिवार में तीन भाई हैं सभी अलग - अलग रहते हैं.

### बेंगाबाद के धुंवाडीह मैदान में कार्यकर्ताओं को कल्पना सोरेन ने संबोधित किया, कहा

# झारखंड को बचाने के लिए एकजुट संघर्ष की जरुरत

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



झारखंड को बचाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष की जरुरत है और इसी संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए घर की दहलीज पार कर मैं आपके बीच पहुंची हूं. यह बातें गुरुवार को बेंगाबाद के धुंवाडीह मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कही. उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में झारखंड झुकेगा नहीं और इसके लिए संघर्ष में आप सभी का साथ चाहिए. कहा कि झारखंड के बेटे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष की कहानी लंबी है. उनके संघर्ष में उनकी धर्म पत्नी और झारखंड के लोगों ने सहयोग दिया तब जाकर वह डिशोम गुरु बने. आज फिर से झारखंड में संघर्ष की परिस्थितियां बना दी गई है. उन्होंने गांडेय के पूर्व विधायक दिवंगत सालखन सोरेन का जिक्र करते हुए उनके संघर्ष की बात भी कही. कहा गया कि आज झारखंड के लिए संघर्ष करने वालों का परिवार दुखी है. उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए झारखंड के संघर्ष में महिलाओं की भागीदारी को जरूरी बताया.

**गर्मजोशी से किया स्वागत :** बताते चलें कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा के दो दिवसीय दौरे पर हैं. इसी क्रम में वह गुरुवार को बेंगाबाद के धुंवाडीह मैदान में कार्यकर्ताओं संग आयोजित बैठक में शामिल थी. यहां उनका स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ किया. बैठक के पूर्व वह मानसिंहडीह स्थित झामुमो नेता विजय सिंह के आवास पर पहुंची. यहां उन्होंने झामुमो नेता विजय सिंह की स्वर्गवासी मां के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. मौके पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू उपस्थित थे.

**खास बातें**

- कहा- किसी भी परिस्थिति में झारखंड झुकेगा नहीं
- महिलाओं को संघर्ष में शामिल होने का आह्वान किया

# अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में बरहेट में फ्लैग मार्च



**संवाददाता। साहिबगंज**

बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहेट बाजार में गुरुवार को अंचलाधिकारी चौनाराम हेंब्रम एवं बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया. फ्लैग मार्च आगामी 25 मार्च को होने वाले होली त्योहार के उपलक्ष्य में निकाला गया. वहीं फ्लैग मार्च बरहेट थाना से निकल कर तीन मोहानी चौक होते हुए शिवगादी चौक, वापस पूरा बाजार भ्रमण करते हुए फ्लैग मार्च संपन्न हुआ. इसमें मुख्य रूप से अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, थाना प्रभारी पवन कुमार, एएसआई महानंद ओझा, एएसआई पवन सिंह सहित अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे.

### बंगाल से माल मंगवाकर गोड्डा के आसपास बेचा जाता था

# ब्राउन शुगर के कारोबार में लिप्त चार युवक गिरफ्तार

**संवाददात। गोड्डा**



नशाखोरी के खिलाफ पुलिस द्वारा जारी अभियान के तहत चार युवकों को प्रतिबंधित ब्राउन शुगर का सेवन करने एवं इसका कारोबार करने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया. इनके पास से ब्राउन शुगर एवं अन्य सामान जब्त किए गए हैं. एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के अनुसार एसपी के निर्देश पर गठित टीम गोड्डा मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह परीक्षमान डीएसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में सरोतिया बगीचा में छापेमारी कर चार युवकों को पकड़ा. तलाशी के क्रम में इनके पास से 63.45 ग्राम ब्राउन शूगर के अलावा माचिस वेइंग मशीन चिलम सहित प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्री बरामद किया गया. पूछताछ के क्रम में युवकों ने बताया कि वे लोग ब्राउन शूगर का कारोबार करते हैं. कालीचक बंगाल से ब्राउन शूगर लाकर गोड्डा में बिक्री करते हैं और अगल बगल उसकी सप्लाई करते हैं. गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान विकास हजारी , राजन साह ,दीपक कुमार त्यागी एवं अंशुल कुमार शामिल हैं. पुलिस टीम में डीएसपी के अलावा थाना प्रभारी दिनेश महली , इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, संजय कुमार सिंह एवं गौरव कुमार सहित अन्य शामिल थे.

### बीडीओ व सीओ ने की बीएलओ साथ बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** आगामी लोस चुनाव को ले गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए पोस्टर बैलेट से संबंधित चर्चा करते हुए उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी. बूथ लेबल पर बनाए जा रहे ग्रुप पर चर्चा करते हुए आवश्यक जानकारियों को साझा करने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने क्षेत्र के बूथों में व्यवस्था को लेकर पैनी निगाह रखने का भी निर्देश दिया गया है. बैठक में अजय कुमार, अनिल कुमार, विजय चौधरी, गोपाल कुमार, बसन्त साव, राजेन्द्र कुमार, संजू देवी, सुधा शर्मा, शोभा देवी समेत कई कर्मी मौजूद थे.

# गावां में विहिप व बजरंग दल का होली मिलन समारोह



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां-पटना चौक पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी. वहीं ढोल नगाड़ों के धुन पर होली के गीत गाए गए. मौके पर उपस्थित विहिप के प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बरनवाल ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का प्रतीक है. जिसमें लोग आपसी भेदभाव को भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं. मौके पर देवनन्दन साव, उपेंद्र स्वर्णकार, बालकिशुन साव, सहदेव साव, संजय आजाद, जयप्रकाश आनन्द, हरिद्वार साव, छोटन साव, बृजनन्दन पांडेय, महेंद्र मिस्त्री समेत कई लोग मौजूद थे. इधर खरसान पंचायत भवन में कैलाश सत्यार्थी चिरड्रेन फाउंडेशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया.

# शराब से लदी पिकअप वैन जब्त

**गोड्डा।** अवैध अंग्रेजी शराब से भरे पिकअप वैन को गोड्डा पुलिस ने जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है. घटना बीते बुधवार रात की है. सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के अनुसार दुमका रामगढ़ रोड में गश्ती के क्रम में तेजी से गोड्डा की ओर आ रहे पिकअप वैन डब्लूबी 73 डी 5051 के चालक ने पुलिस दल को देखते ही गाड़ी तेजी से भगाने लगा. इसी क्रम में पुलिस दल द्वारा पीछा करने के क्रम में कई किलोमीटर तक पीछा करने के बाद तियोडीह मोड़ के पास उक्त वेन को छोड़कर ड्राइवर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया. पुलिस गाड़ी को जब्त कर थाने ले आई. वैन की तलाशी लिए जाने के बाद गाड़ी पर लदे 45 कार्टून लदे हुए थे. कार्टून को खोले जाने के बाद उसमें रखे 400 से अधिक अंग्रेजी शराब भरे बोतलों को बरामद किया गया. सभी 45 कार्टून में भरी हुई शराब की कीमत लाखों में बताई जा रही है. यह बताया जा रहा है कि आगामी चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए बाहर से एक बड़ी खेप को बिना कागजात के अवैध तरीके से लाकर बाजार में खपाने की साजिश थी. जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब तस्करों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है. पुलिस टीम में ट्रेनी डीएसपी, पुलिस निरीक्षक, नगर थाना प्रभारी सहित अन्य जवान शामिल थे.



# झारखंड-बिहार बॉर्डर पर शराब की बोतले जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**संवाददाता। गोड्डा**



गोड्डा जिला की सीमा से लगनेवाली बिहार बॉर्डर पर कार से अवैध अंग्रेजी शराब से भरी ढाई दर्जन से अधिक बोतल बरामद किया गया है. मेहरमा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते रात करीब डेढ़ बजे एसपी से मिले निर्देश के बाद बिहार की सीमा गोविंदपुर चेकपोस्ट से सटे पीरोजपुर बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहन की जांच की जाने लगी. इसी क्रम में वहां पहुंची सफेद रंग की अल्टो कार का ड्राइवर पुलिस को देख गाड़ी को भगाने का प्रयास किया. मगर पुलिस की मुस्तैदी से कार के चालक को पकड़ लिया. पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम राज कुमार शर्मा (ग्राम बाखरपुर पूर्वी पीरपैंती बिहार) बताया. ड्राइवर के अनुसार वह झारखंड से आने के क्रम में कार में अंग्रेजी शराब लोड कर लिया था. बिहार में शराब प्रतिबंधित रहने के कारण उधर शराब की अधिक कीमत मिलती है. इसलिए लालचवश ऐसा कर लिया. कार की तलाशी लिए जाने के बाद इंपीरियल ब्लू लेबल चिपकाया हुए 15 बोतल एवं रॉयल स्टैग के लेबल लगे 18 बोतल बरामद किया गया. कुल 33 बोतल शराब बरामद किए जाने के बाद पुलिस ने कार ड्राइवर को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में आरोपी पाते हुए जेल भेज दिया.

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें बीआरपी व सीआरपी



**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो स्थित न्याय सदन सभागार में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने जिले के सभी प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी), संकूल साधन सेवी (सीआरपी), सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंताओं (शिक्षा विभाग) के साथ गुरुवार को बैठक की. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा उपस्थित थे. बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि पिछले दिनों सभी प्रखंड साधन सेवी एवं संकूल साधन सेवी को विभिन्न सरकारी विद्यालयों में स्थित मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं) के भौतिक सत्यापन को लेकर निर्देश दिया गया था. जिसकी प्रगति असंतोषजनक है. इस पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर गूगल शीट के माध्यम से उसका प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा. वहीं, उप विकास आयुक्त ने जिन मतदान केंद्रों में एएमएफ नहीं है उसके लिए संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को एएमएफ सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया.

### केबी कॉलेज में वन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# 'जितने पेड़ होंगे उतना कम प्रदूषण होगा'

**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**



अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर केबी कॉलेज कथारा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया. पौधरोपण कार्यक्रम प्राचार्य की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में किया गया. इस दौरान स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया. पौधारोपण के साथ साथ पोस्टर, स्लॉगन, रंगोली बनाकर, नुक्कड़ के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन का संदेश दिया. इस दौरान पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ. प्रभाकर कुमार एवं प्रो संजय कुमार दास ने कहा कि एनएसएस के वालंटियर मानवता व पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने के लिए परिसर में पौधारोपण कर जागरूकता का संदेश दे रहे हैं. वनों को बचाने और धरती को हरा भरा बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है. हमारे आस पास जितने पेड़ होंगे, उतना कम प्रदूषण होगा. मौके पर प्रथम कुमार, रिया रॉय, संजना कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रश्मित कौर, मोहिनी कुमारी, रेखा कुमारी, सोनी कुमारी, नीतू कुमारी, तनीषा प्रवीन, मनीषा कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रियंका कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार राने, खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी, सुमित कुमार सिंह, रश्मित कौर, पीयूष कुमार, मजहबी प्रवीन, शालिनि चौधरी, युवांशी कुमारी, संजना कुमारी, रिया रॉय, सुप्रिया कुमारी, रश्मित कौर, प्रियंका कुमारी, पीयूष कुमार, चांदनी कुमारी, सोनाली कुमारी, मनीषा, किरण व तरुन्नुम निशा, मिलन कुमार गुप्ता, प्रथम कुमार, अमीत कपरदार समेत अन्य बच्चों ने पोस्टर, स्लॉगन, रंगोली बनाकर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किया. मौके पर तनीषा कुमारी, युवांशी कुमारी, मो दिलबर, तस्लीम अख्तर, सुमित कुमार, राहुल केवट, रिचा प्रजापति, नरेंद्र चौहान, प्रभात कुमार, नेहा कुमारी, सोनू शर्मा, आकाश मुर्मू, सुभाष कुमार, चंदा कुमारी, ईशा कुमारी, कुमकुम कुमारी, करीना कुमारी व अन्य उपस्थित थे.

# सूरजुडीह में उर्स के दूसरे दिन जयराम ने की चादरपोशी

**संवाददाता। बोकारो**

कसमार प्रखंड के सूरजुडीह स्थित हजरत दाता कुरबान अली शाह की मजार पर उर्स के दूसरे दिन भी हजारों लोगों ने चादरपोशी की. इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने मजार पर मत्था टेका. इस दौरान जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो समेत अन्य कई प्रतिनिधि हजरत दाता कुरबान अली शाह की मजार पर चादरपोशी कर मत्था टेककर क्षेत्र के अमन चैन की दुआ मांगी. इस अवसर पर कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत अन्य दर्जनों पुलिसकर्मी शांति व्यवस्था के लिए मौजूद थे. मौके पर मौलाना रुहूल होदा, हाजी समसुल होदा, कलीमुल्लाह, अमरेश महतो, भुवनेश्वर महतो, हाजी बहारशफी चिश्ती, गुलाम साबिर, अनवर सफी, बबलू अंसारी, विनोद कुमार चौहान, अशरफ, अब्दुल गनी, फारुख अंसारी, आरिफ हुसैन, नसरुल होदा, इकबाल जावेद, रूपक महतो, रोनित महतो, शक्ति कुमार महतो, रहमगुल अंसारी शामिल थे.



**बोकारो**

### आईजी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की, दिए निर्देश

# निर्वाचन बुकलेट का अच्छी तरह करें अध्ययन : आईजी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो जिला समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र डॉ माइकल राज एस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की प्रगति कार्य का समीक्षा बैठक की. बैठक में आइजी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन बुकलेट का अच्छी तरह से अध्ययन करने का निर्देश दिया. कहा कि सभी बुकलेट में निर्वाचन दायित्वों, कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से बातें बताई गई है. अगर कहीं कार्य, दायित्व निष्पादन के दौरान कोई समस्या आती है तो उसका समाधान भी बुकलेट में अंकित है. इसलिए छोटी सी छोटी बात का भी अध्ययन करना आवश्यक है.आइजी ने अनुमंडल पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को प्रीवेंटिंग मेजर के तहत चिह्नित लोगों की सूची तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इस कार्य को जल्द पूरा करने को कहा गया. जिले में बनाएं गए चेकनाकों पर थाना प्रभारियों को सप्ताह में दो बार, बीडीओ, सीओ एवं एसडीओ, एसडीपीओ को भी सप्ताह में एक बार औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया. उन्होंने छोटी छोटी बातों को प्लान कर काम करने को कहा. कहीं किसी भी स्तर से कोई चूक नहीं हो. मतदान केंद्रों पर फोर्स परिनियोजन को लेकर थाना प्रभारियों को सप्ताह भर में अपने अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र का भौतिक निरीक्षण कर प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने को कहा. मौके पर डीआइजी उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र एसके झा ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी तरह की गलत सूचना, भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

**ये थे उपस्थित :** मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र एसके झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, कमांडर सीआरपीएफ एन बाला, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के दिए टिप्स
- सप्ताह में एक बार औचक निरीक्षण का दिया निर्देश

# पीरटांड़ में बीडीओ ने लिया केंद्रों का जायजा

**संवाददाता। पीरटांड़**



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पीरटांड़ बीडीओ मनोज कुमार मरंडी ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. बीडीओ ने प्रखंड के मंगर तिलैया, चेंगधरी विद्यालय सहित अन्य मतदान केंद्र पर जाकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया, उन्होंने संबंधित कर्मियों को बताया कि मतदान केंद्र में बिजली ,पानी,शौचालय जैसी अन्य सभी व्यवस्था होनी चाहिए, लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टी एवं वोट डालने आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए संबंधित विभाग कर्मी एवं बीएलओ को कई आवश्यक निर्देश दिए गए. वहीं बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों पर व्यवस्था का आकलन कर चुनाव से पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर दिया जाय. उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि जिस मतदान केंद्र पर वोट प्रतिशत कम है.वैसे बूथ के मतदाताओं को जाकर जागरूक करें और वोट प्रतिशत बढ़ाए.

**खास बातें**

- बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था का दिया निर्देश
- वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करें

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग और आईक्यूएसी के सहयोग से वेबिनार का आयोजन

# शोध कार्य के बिना विद्यार्थी का जीवन नीरस होता है: डॉ मुनीष

संवाददाता। हजारीबाग



आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वेबिनार का आयोजन हुआ. वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग व आईक्यूएसी के सहयोग से तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में शोध और प्रकाशन विषय पर वेबिनार हुआ.

मुख्य संरक्षक के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे व बतौर संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद वेबिनार में शामिल थे. बता दें कि यह वेबिनार दरअसल प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं के साथ साथ शोधार्थियों के लिए विशेष तौर पर था. इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शोधार्थियों को प्रभावी ढंग से अनुसंधान करने के लिए जरूरी कौशल और क्षमता प्रदान करना ही इस वेबिनार का उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि शोध कार्य के बिना अध्यापक व विद्यार्थी का जीवन नीरस होता है. उन्होंने कहा कि शोधार्थियों को अपनी दृष्टि में यह जरूर रखना चाहिए कि उनका यह शोध कार्य समाज को क्या दे सकता है. वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने शोध में गुणवत्ता के मापदंड बताए और शोध कार्य के लिए अनुदान प्रदान वाली महत्वपूर्ण संस्थाएं भी बताईं. बतौर वक्ता इस वेबिनार में शामिल विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने विस्तार पूर्वक शोध से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य बताए.

कहा कि हमेशा शोधार्थियों को शोध में निराधार या तथ्यहीन बात कहने से बचना चाहिए. उन्होंने शोध-पत्र लेखन की अहमियत से भी अवगत कराया. संचालन कॉमर्स विभाग एचओडी डॉ आलोक कुमार व धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के एचओडी रितेश कुमार ने किया. इसे सफल बनाने में डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, रितेश कुमार, डॉ आलोक का योगदान रहा.

## शिक्षा मनोविज्ञान प्रस्तुतीकरण में 10 मॉडल प्रदर्शित किए गए

**हजारीबाग।** शिक्षा शास्त्र विभाग में विद्यार्थियों का शिक्षा मनोविज्ञान सिद्धांतों का प्रतिमान प्रस्तुतीकरण हुआ. शिक्षा मनोविज्ञान प्रस्तुतीकरण में 10 मॉडल की प्रस्तुति हुई. इस कार्यक्रम में एमएड दोनों सत्र की छात्र छात्राएं उपस्थित थी. छात्रों ने थार्नडाइक का सिद्धांत, बंडूरा का सामाजिक सिद्धांत, क्रिया प्रस्तुत सिद्धांत, पियाजे का संज्ञानयात्मक सिंद्धांत, जीवन कौशल, मानसिक स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य, कोलबर्ग का नैतिक विकास का सिद्धांत, गार्डनर का बहु बुद्धि सिद्धांत, अधिगम स्टाइल, वाइगोत्सकी का सामाजिक विकास का सिद्धांत पर मॉडल प्रस्तुत किया. मॉडल की प्रस्तुतीकरण के पश्चात क्रिया-प्रस्तुत अनुबंध सिद्धांत के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय स्थान पर कोलबर्ग का नैतिक विकास का सिद्धांत था. तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से बंडूरा का सामाजिक सिद्धांत और पियाजे का संज्ञानयात्मक सिंद्धांत था. कार्यक्रम के आयोजक के रूप में डॉ अमिता, जज के रूप में डॉ नामिता गुप्ता पूर्व संकायाध्यक्ष सोशल साइंस शामिल थे.

## बदमाशों ने बनाया हजारीबाग उपायुक्त का फेक अकाउंट

संवाददाता। हजारीबाग

**जांच जारी**

- डीसी ने सभी से ठगों से बचने की अपील की
- अपराधियों ने डीसी के फोटो व नाम का इस्तेमाल किया है

साइबर अपराधियों ने हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय का फेक व्हाट्सअप अकाउंट बना लिया. इसे लेकर नैंसी सहाय ने जिलावासियों को सचेत किया. उन्होंने सभी से साइबर ठगी का शिकार होने से बचने की अपील की. डीसी ने बताया कि साइबर अपराधियों ने उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी व्हाट्सअप अकाउंट बनाया है. साइबर सेल इस मामले की जांच कर रही है. उन्होंने किसी नये या अनजाने नंबर से कॉल या मैसेज कर पैसे मांगे जाने पर सावधानी बरतने की अपील की है. उन्होंने जिलेवासियों से मोबाइल या सोशल मीडिया के जरिये ठगी का प्रयास किये जाने पर इसकी




सूचना अविलंब नजदीकी थाना को देने को कहा है.

### ब्रीफ खबरें

**पेटो की जगह अब नया मतदान केंद्र भदईखाप**

**केरेडारी।** निर्वाचन आयोग द्वारा पुराना पंचायत भवन पेटो को परिवर्तित कर सामुदायिक भवन भदईखाप कर दिया गया. सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल द्वारा मतदान केंद्र संख्या 58 पुराना पंचायत भवन पेटो की जर्जर स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया. इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई. इसमें सहमति प्रस्ताव के पश्चात भवन परिवर्तन का प्रस्ताव भेजा गया था, ताकि उक्त मतदान केंद्र से संबंधित मतदाताओं द्वारा 20 मई को सुगम मतदान किया जा सके. सीओ ने मतदान केंद्र संख्या 58 से संबंधित सभी मतदाताओं से मतदान के दिन भदईखाप केंद्र में मतदान करने की अपील की.

**आजसू पार्टी का वार्ड प्रभारी सम्मेलन आयोजित**

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की नगर कमेटी ने वार्ड प्रभारी सम्मेलन आयोजित किया. यह सम्मेलन भाग्यमणि विवाह भवन, मालवीय मार्ग में किया गया. सम्मलेन की अध्यक्षता आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम ने किया. मंच संचालन सदर प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव एवं नगर सचिव अविनाश कुमार पिंकू ने किया. बैठक में मुख्य अतिथि सदर विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी नमन कुमार ठाकुर उपस्थित हुए. विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह व केन्द्रीय सचिव सिद्धार्थ शंकर राय उपस्थित हुए.

**झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है: मुकेश मेहता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के रिंग्स एंड रोजेस होटल में गुरुवार को झारखंड पार्टी की जिला समिति की बैठक हुई. जिसमें झापा हजारीबाग के युवा जिला अध्यक्ष के रूप में सदर पश्चिमी जिप सदस्य मुकेश कुमार मेहता को झारखंड पार्टी हजारीबाग जिला का युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया. इस मौके पर मुकेश कुमार ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है. झारखंड पार्टी ने मुझ पर विश्वास कर जिस प्रकार से यह जिम्मेदारी सौंपी है, हर संभव उसे निभाने का प्रयास करेंगे. संगठन को विस्तारित करने के लिए युवाओं को झारखंड पार्टी से जोड़कर पार्टी के नीति के बारे में समझाएंगे, ताकि युवा वर्ग संगठन से जुड़ें.

**रामगढ़ में छह हाइवा बालू जब्त किया गया**

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया. गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार ने शहर अंतर्गत सेवईयागढ़ा क्षेत्र में स्थल निरीक्षण किया. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा लगभग छह हाईवा अवैध बालू का स्टॉक जब्त किया गया.

**उपायुक्त ने राजस्व उप निरीक्षक पर की कार्रवाई**

**रामगढ़।** 2017 में रामगढ़ अंचल कार्यालय में पदस्थापित तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक शुभम कुमार पर भू-माफियाओं के मिली भगत का आरोप सही पाए जाने पर डीसी ने कार्रवाई की है. दरअसल, मौजा मरार थाना रामगढ़ अंतर्गत खाता नंबर 3, प्लॉट नंबर 157 वगैरह जमा रकवा 6.90 एकड़ भूमि की जमाबंदी गलत रैयत के नाम से कायम को लेकर डीसी ने कार्रवाई की. इस दौरान डीसी ने तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक प्रोन्नति और वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है.

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में बोले डीसी व एसपी

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई हो

**प्रशासन सख्त**

- डीसी ने की गई कार्रवाई की काफी प्रशंसा की
- डीसी ने अवैध मुहानों को बंद करने की जानकारी ली



संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के साथ जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की. बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की. साथ ही और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई.

डीसी व एसपी ने अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली. इस क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने व अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देने का निर्देश दिया.

## मतदाता जागरूकता कोषांग करे कार्यक्रम: उपायुक्त




**रामगढ़।** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर प्रशासन गंभीर है. इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मतदाता जागरुकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया. इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा गुरुवार को जिले के प्रखंडों में आंगनबड़ी सहिया सेविका के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान मतदाता जागरुकता को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़ 20 मई, चुनाव का पर्व देश का गर्व, आईएमरेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरुकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया. साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता जागरुकता को लेकर रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.

## एसपी ने घाटी में लगाई गई लाइट की ली पूरी जानकारी



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय में गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की. बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत किये कार्य की समीक्षा की. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइट के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली. उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइट का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही लाइट के कार्य नहीं करने के कारण होने वाली किसी भी दुर्घटना में एनएचएआई के अधिकारियों के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज करने सहित अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में डीसी के द्वारा वाहन जांच अभियान को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए.

# दो लाख कैश के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण



चौपारण थाना प्रभारी ने दो अपराधियों को पकड़ा थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि गिद्दि के झबुलाल कुमार यादव से सूचना मिली कि चार व्यक्ति पैसा डबल करने का झांसा देकर दो लाख रुपये लूटकर गया (बिहार) की ओर भाग रहा है. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मैंने एक छापामारी दल का गठन करते हुए उक्त युवक से सम्पर्क स्थापित किया.

जल्द ही पीछा कर चतरा मोड़ के पास सूचनादाता के बतायेनुसार स्कॉर्पियो गाड़ी से भाग रहे दो अपराधियों को पकड़ लिया. इसमें दो अपराधी भागने में सफल रहे. उनदोनों ने पूछताछ में अपना अपना नाम विजय पासवान और नारायण दास बताया. उन्होंने झबुलाल एवं उसके साथियों से पैसा डबल करने के नाम पर दो लाख रुपया ठगी करने की बात स्वीकार की.

सूचनादाता के आवेदन पर चौपारण थाना में केस दर्ज किया गया. झबुलाल के अनुसार पकडाये उनके पास 16 मार्च को सूचनादाता के फोन पर संतोष कुमार दांगी द्वारा फोन करके चार-पांच घंटे में पैसा डबल करने के स्किम के संबंध में बताया गया था. जिसके झांसे में आकर सूचनादाता अपने साथियों के साथ दो लाख रुपये का इंतजाम करके अपराधकर्मियों के बताये हुए स्थान पर पहुंचा. जहां पर सूचनादाता से तीन व्यक्ति पैसा लेकर चला गया तथा सिक्युरिटी के तौर पर पकड़े गये नारायण को सूचनादाता एवं उनके साथियों के साथ छोड़ दिया था. जब पैसा दिये पांच घंटा बीत गया तब सूचनादाता के द्वारा नारायण को पैसा लेकर गये लोगों को बुलाया.

## जुलूस के दौरान चलंत डीजे पर रहेगा प्रतिबंध : एसपी

संवाददाता। हजारीबाग

आगामी होली, रामनवमी ईद पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में संपन्न हुई. उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने किया.

बैठक में जिले भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए. एसपी ने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे. सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे. इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक एवं प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो, इसके लिए प्रशासनिक तैयारी की जाएगी. शांति समिति के सदस्यों के सुझावों पर अमल करते हुए नागरिक सुविधाएं बहाल सुनिश्चित कराई जाएगी. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार में जुलूस के दौरान चलंत डीजे पर प्रतिबंध रहेगा. असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर अफ़वाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है. किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था खराब करने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी. कहा कि शांति समिति की बैठक कर होली, रामनवमी व ईद के मद्देनजर सांप्रदायिक सौहार्द बनाने की कोशिश की जाएगी.

## नगर संकीर्तन के साथ गौर महोत्सव शुरू

**हजारीबाग।** भगवान श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस (गौर पूर्णिमा महोत्सव) गुरुवार को शुरू हुआ. यह महोत्सव गौरांग सेवा फाउंडेशन (जीएसएफ) द्वारा किया गया. नगर संकिर्तन के साथ 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यक्रम स्थानीय मटवारी गांधी मैदान दुर्गा मंडप के प्रांगण में शुरू हुआ. गुरुवार को दोपहर दो बजे से चार बजे तक नगर संकीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत कोर्रा चौक से मटवारी गांधी मैदान तक भ्रमण करते हुए हुई और गांधी मैदान में कीर्तन का समापन हुआ. वहीं शाम चार से छह बजे तक कीर्तन एवं नृत्य स्पर्धा का कार्यक्रम किया गया. वहीं शाम छह से आठ बजे तक भागवत कथा का आयोजन कथा वाचक दास गदाधर प्रभु ने श्रद्धालुओं के बीच में भागवत कथा कही.

## मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताएं: टुन्नु

**टाटीझरिया।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद लोकसभा संयोजक टुन्नु गोप टाटीझरिया के भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे. उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं संग विभिन्न राजनीतिक हलचल से संबंधित चर्चा की. कार्यकर्ताओं ने बताया कि जबसे वे पार्टी में आए, तब से पार्टी संगठन यहां कमजोर हो गया था. उन्होंने अपने साथ आए कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद यादव को एकल पद मंडल का अध्यक्ष बनवा दिया था. जिन्होंने संगठन के कार्यों को शिथिल कर दिया था. इनके आगमन के बाद पार्टी की बैठक भी नहीं हो पाई थी. संगठन द्वारा दिए गए कार्य को केवल कागज पर किया गया. उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सब फिर से दुगुने जोश के साथ संगठन के विस्तार में लग जाएं और मनीष जायसवाल को भरी मतों के अंतर से जीत का सेहरा पहनाएं. कार्यकर्ताओं ने भी नेताओं को आश्वस्त किया कि वे भाजपा के प्रति सजगता के साथ कार्य करेंगे.

# आज होगा साहू समाज का होली मिलन समारोह



संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के साहू भवन चौपारण में शुक्रवार को बरही अनुमंडल स्तरीय साहू समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन होगा. होली मिलन समारोह में चौपारण, बरही पदमा, बरकट्ठा चन्दवारा प्रखंड के हजारों लोग शिरकत करेंगे. उक्त बात की जानकारी बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू ने दिया. कार्यक्रम 22 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो संध्या 4:00 बजे तक चलेगी. इस अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा. जहां भोजपुरी व खोरठा सुरों की मल्लिकाएं होली मिलन समारोह में मस्ती की रंग भरेंगी. भोजपुरी व खोरठा गायिका अप्सरा गुप्ता, गायिका कल्पना देवी, लोक गायक ब्यास बाबू सिंह सहित अन्य होली मिलन समारोह में अपने सुरों से होलियाना में चार चांद लगाएंगे. अध्यक्ष साहू ने समाज के सभी लोगों से भारी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया. कार्यक्रम में पकवान से लेकर खाने की भी व्यवस्था है. कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के कई सक्रिय युवा लगे हुए हैं.

## लोकसभा भाजपा प्रत्याशी का स्वागत

**चौपारण।** सुप्रसिद्ध इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर जाने के क्रम में चौपारण स्थित विश्वकर्मा टोला में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का भव्य स्वागत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि आपके स्वागत से अभिभूत हूं. कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आने वाले दिनों में भाजपा की मजबूती के साथ केंद्र में वापसी आवश्यक है. नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगी. आने वाले दिनों में अपने वोट को बर्बाद नहीं करें. राष्ट्र हित व देशहित में नरेंद्र मोदी को वोट करें और भाजपा को जिताएं. पूर्व विधायक ने कहा कि मनीष जायसवाल का सेवाभाव ही राजनीति का मूल मकसद रहा है. कहा कि मोदी का देश मे कोई विकल्प नहीं है. हजारीबाग़ लोक सभा क्षेत्र में कमल खिलेगा और मनीष जायसवाल जीतकर सदन जायेंगे.

डुमरिया के सुरेंद्र की मौत जीटी रोड पर वाहन की चपेट में आने से हुई थी

# लापरवाही से हो रही मौत: अमित

संवाददाता। बरकट्ठा



**ग्रामीण नाराज**

- ग्रामीणों ने करीब चार घंटे तक जीटी रोड जाम किया
- सूचना मिलते ही विधायक अमित यादव पहुंच गए

सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य करा रही राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सुरक्षा मानक की अनदेखी के कारण लगातार लोग सडक़ दुर्घटना के शिकार होकर मौत के मुंह में समा रहे हैं. बीते दिन बरकट्ठा थाना क्षेत्र के डुमरिया टांड़ घंघरी निवासी सुरेंद्र सोरेन पिता रीतलाल सोरेन 20 वर्ष की मौत गोरहर थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हो गई. वहीं गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को जीटी रोड पर रख रोड़ को करीब चार घंटे तक जाम कर दिया. साथ ही आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की. सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया. साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया. विधायक ने कंपनी राजकेशरी के पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की. तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, पुलिस निरीक्षक ईमदाद अंसारी व स्थानीय पुलिस प्रशासन व समाजसेवियों की पहल पर राजकेशरी कंपनी के द्वारा तत्काल एक लाख रुपए मृतक के परिजनों को दिया गया. वहीं जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बूझा कर सडक़ जाम को हटाया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, झामुमो नेता यासीन खान, माले नेता भुनेश्वर केवट और साहेबराम सोरेन के अलावा सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे.

**मीटिंग** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन किस्सपोट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक

# आयुक्त ने पदाधिकारियों से ली वाहनों की जानकारी

संवाददाता। हजारीबाग



**विचार विमर्श**

- मतदान के दिन वाहनों को लेकर विचार किया गया
- अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर काम करें

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर वाहनों की आवश्यकता के संबंध में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्सपोट्टा की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई. इसमें चुनाव के लिए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में मतदान के दिन आवागमन के लिए वाहनों की आवश्यकता एवं अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया.

बैठक में उपस्थित रामगढ़, धनबाद, चतरा, गिरिडीह हजारीबाग, कोडरमा एवं बोकारो के जिला परिवहन पदाधिकारियों ने अपने जिले में वर्तमान में उपस्थित विभिन्न प्रकार के कुल वाहनों की संख्या की आयुक्त को जानकारी दी. साथ ही 2019 में कुल कितने वाहनों की उपलब्धता थी और आवागमन के लिए कितने वाहनों का आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया, इसकी भी जानकारी दी. बैठक के दौरान किस्पोट्टा ने अधिकारियों से जानकारी ली कि वर्तमान में कितने बस, टैक्सी, बोलेरो, स्कॉर्पियो, सवारी एवं मैजिक संग विभिन्न श्रेणी के वाहनों की उपलब्धता किन जिलों में आवश्यकतानुसार है या अधिक है. साथ ही किन जिलों में आवश्यकता से कम है. इस दौरान गिरिडीह, धनबाद एवं चतरा के पदाधिकारी ने अवगत कराया कि उनके पास वाहनों की संख्या आवश्यकता से कम है. जिसमें किस्पोट्टा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस जिले में आवश्यकता से अधिक वाहन हैं. उनके साथ आपस में समन्वय स्थापित कर वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी सूची आयुक्त कार्यालय में उपलब्ध करवाई जाए. जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े. बैठक में विचार-विमर्श के दौरान कुछ समस्याएं भी सामने आईं. जिसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया.

## डीआईजी ने दिये चेक पोस्ट पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है. इसी क्रम में बुधवार देर रात हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर झा ने बिहार-झारखंड के बॉर्डर पर स्थित इंटरस्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया. डीआईजी ने हजारीबाग और गया जिले की सीमा पर स्थित चोरदाहा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया.

साथ ही वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती और सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिये. इसके बाद डीआईजी ने चतरा और बिहार-गया जिला के सीमा पर स्थित गोसाईडीह और हंटरगंज चेकपोस्ट का निरीक्षण किया. डीआईजी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने, तकनीकी तौर पर दक्ष रहने और किसी तरह से भयादोहन न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. वहीं डीआईजी भास्कर ने चतरा कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले सभी रास्ते के बारे में सुरक्षाकर्मियों से जानकारी ली. प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से की जाने वाली जांच प्रक्रिया के बारे में भी सुरक्षा कर्मियों से पूछा और जांच के तरीकों के बारे में बताया. उन्होंने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कोर्ट बैरक का जायजा लिया. जहां अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. जानकारी देते हुए सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी भी पुलिस की प्राथमिकता है.

## ब्रीफ खबरें

### 16 साल की लड़की ने फंदे से लटक कर दी जान

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के बरकुरवा गांव में फंदे से लटकता एक युवती का शव बरामद किया गया. घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है. युवती की पहचान कुमन सहनी की पुत्री चांदनी कुमारी (16) के रूप में हुई है. बताया गया है कि लड़की के गले पर फंदे का काला निशान पड़ा था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि चांदनी का शव फंदे से लटका हुआ है, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### पोखर में डूबने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के जितना थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव के भगत पोखर के समीप खेलने के क्रम में पैर फिसलकर पोखर में गिरे बच्चे की डूबने से मौत हो गयी. घटना गुरुवार दोपहर की है. मृत बच्चे की पहचान बनकटवा गांव निवासी नवीन राउत के आठ वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है. वहीं, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जितना थाना पुलिस ने शव को अपने अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया. इसकी पुष्टि जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने की है. घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है.

### अपराधियों ने नाबालिग को गोली मारी, घायल

**पटना ।** पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र के दरियापुर मोहल्ले में आपसी विवाद में गुरुवार को अपराधियों ने एक नाबालिग बच्चे को गोली मार दी. गोली बच्चे के बांह में लगी है. गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. इसी बीच गोली मारने वाला युवक वहां से फरार हो गया. घटना की पुष्टि थाना प्रभारी कदमकुआं ने की है. उन्होंने बताया कि घायल युवक की पहचान गोविंद कुमार के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि आपसी विवाद को लेकर गोविंद कुमार को गोली मारी गई है. घायल अवस्था में गोविंद को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है.

# लोस चुनाव : टिकट बांटने की अफवाहों के बीच अखिलेश पहुंचे लालू से मिलने

संवाददाता। पटना

लोकसभा चुनाव के लिए राजद की ओर से टिकट आवंटित करने की अफवाहों के बीच, कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने गुरुवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद से मुलाकात की. प्रसाद से मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता ने कहा कि सभी मुद्दों को सही समय पर सुलझा लिया जाएगा. हालांकि, पहले चरण की सभी चार लोकसभा सीट के लिए प्रसाद द्वारा एकतरफा टिकट आवंटित किए जाने की अफवाहों के संबंध में किए सवाल को उन्होंने टाल दिया. राजद प्रमुख से मुलाकात के बारे में सिंह ने कहा, मैं लालू जी से मिलते रहता हूं. इसमें कुछ भी नया नहीं है. उन्होंने कहा कि महागठबंधन के घटकों के बीच सीट बंटवारे का फैसला कुछ दिनों में लिया जाएगा. कांग्रेस और राजद के अलावा महागठबंधन में भाकपा और माकपा शामिल हैं. राजद ने बुधवार को आयोजित की गई पार्टी की राज्य और केंद्रीय संसदीय दल की बैठक के दौरान पार्टी अध्यक्ष को उम्मीदवारों पर निर्णय लेने और समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठजोड़ की संभावनाएं तलाशने के लिए अधिकृत कर दिया था.

राजद की ओर से अपने उम्मीदवारों को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन पार्टी सूत्रों ने बताया कि गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद के लिए संभावित उम्मीदवारों को टिकट आवंटित कर दिए गए हैं. गया लोकसभा सीट के लिए राजद प्रमुख से कथित तौर पर पार्टी का चुनाव चिह्न प्राप्त कर रहे बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं. सर्वजीत के पिता ने 1990 में गया सीट का प्रतिनिधित्व किया था. सूत्रों ने यह भी दावा किया कि बुधवार को मुख्यमंत्री जदयू छोड़ने वाले पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को राजद के टिकट पर औरंगाबाद से चुनाव लड़ने के लिए कहा गया है. अगर ये दावे सच साबित होते हैं तो यह राजद को कांग्रेस के साथ सीधे टकराव की ओर ले लाएगा क्योंकि कांग्रेस औरंगाबाद सीट को उन चुनिंदा सीट में से एक मानती है जहां वह चुनाव में विरोधी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकती है. राजद सूत्रों के अनुसार लालू ने जिन अन्य सीट पर उम्मीदवार तय किया है उनमें बक्सर भी है, जहां से पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे एवं रामगढ़ से विधायक सुधाकर को उतारे जाने की संभावना है.



श्रवण कुशवाहा को राजद से मिला टिकट.

### आचार संहिता मामले में यूट्यूबर मनीष कश्यप पर एफआईआर दर्ज

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के छौड़ादानो अंचल के दरपा थाना में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर यूट्यूबर मनीष कश्यप पर केस दर्ज किया गया है. केस सीओ सुधीर यादव के आवेदन पर दर्ज किया गया. बताया गया कि केस मनीष कश्यप व नरकटिया गांव निवासी प्रकाश साह सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है. इसकी पुष्टि करते दरपा थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि मनीष नरकटिया बाजार में चुनावी सभा को संबोधित करने आने वाले हैं. इसके बाद वहां पहुंचने पर देखा गया कि दो गाड़ी में 10 लोगों के साथ मनीष कश्यप वहां पहुंचे और लोगों को अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील करने लगे.

#### जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव में हुआ हादसा

# अगलगी में बिहार के 5 जिंदा जले

संवाददाता। पटना/जयपुर

जयपुर में बिहार का एक परिवार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया है. यहां विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव में घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गये. मरने वालों में माता-पिता और उनके तीन बच्चे शामिल हैं. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को घर में रखे सिलेंडर में आग लगने के बाद विस्फोट हो गया. इस विस्फोट ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया. इस अगलगी में घर में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गये. सभी बिहार के रहने वाले थे. लेकिन जयपुर में रहते थे. परिवार के मुखिया मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे. आस-पास के लोगों ने गुरुवार सुबह घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी. सूचना पाकर पुलिस और दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया.

सीएम ने हादसे पर दुख जताया : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताया है. भजनलाल शर्मा ने एक्स पर लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है. परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे. साथ ही परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति दे. सीएम ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की. भजनलाल शर्मा ने प्रशासन को घायलों को उचित इलाज कराने के भी निर्देश दिये. जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है. परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.



### अगलगी में तीन मवेशी समेत 6 घर जलकर राख

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में आग लगने से दो भैंस व एक बछड़ा समेत छह घर जलकर राख हो गया. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी और ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना के बारे में बताया गया कि आग पहले बच्चा लाल यादव के घर में लगी, जो तेज हवा के कारण देखते ही देखते जयश्री प्रसाद यादव, शर्मानंद प्रसाद यादव, साधु यादव, नरेश प्रसाद यादव और उतीम यादव के घर को अपने आगोश में ले लिया. घटना को लेकर चिरैया सीओ अनुराधा कुमारी ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिली है. जांच के राजस्वकर्मी व अन्य अधिकारियों को भेजा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद पीड़ितों को हरसंभव सरकारी मदद दी जायेगी.

### मॉर्निंग वॉक पर निकले गार्ड की हादसे में मौत

**जमुई ।** जमुई के सिकंदरा-शेखपुरा मुख्य मार्ग स्थित पिरहिंडा गांव के पास गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एसबीआई बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर घायल हो गया. आनन-फानन में परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए सिकंदरा पीएससी में भर्ती कराया गया. यहां के डॉक्टर ने प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया. इस दौरान सदर अस्पताल लाने के क्रम में उसकी मौत हो गई. मृतक गार्ड की पहचान सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिरहिंडा गांव निवासी अर्जुन सिंह का 45 वर्षीय पुत्र ओंकार सिंह के रूप में की गई है.

### भाजपा और जदयू कार्यालय का छात्राओं ने किया घेराव



**पटना ।** बारहवीं की छात्राओं ने गुरुवार को जदयू और भाजपा के दफ्तर का घेराव किया. सैकड़ों की संख्या में छात्राओं ने वीरचंद्र पटेल रोड में जमकर हंगामा किया. छात्राओं का आरोप है कि हमलोगों की 11वीं की पढ़ाई हो चुका है. 12वीं में हमलोग एडमिशन ले चुके हैं. कॉलेज को पैसे भी दे चुके हैं. इसके बावजूद हमारे सारे पैसे बर्बाद कर दिए गए. यह अन्याय है. बिहार सरकार फौरन इस मामले को गंभीरता से ले और जांच करे. मौके पर छात्राओं ने नीतीश कुमार के खिलाफ नारे लगाए. छात्राओं को हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा.


### राजद नेता अमित को छह साल के लिए निकाला

**अररिया ।** राजद नेताओं के विरुद्ध गलत टिप्पणी करने एवं पार्टी के अनुशासन से खिलवाड़ करने के आरोप में अमित पूर्वे को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है. राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने 21 मार्च 2024 के जरिये आदेश जारी करते हुए पार्टी के पद के साथ साथ प्राथमिक सदस्यता से भी छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है. निष्कासित करने का मुख्य कारण अनुशासनहीनता तथा दल विरोधी कार्य करना प्रमुख है.

## बेगूसराय में एचडीएफसी बैंक से 20 लाख रुपये लूट लिए

संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय शहर के हरहर महादेव चौक पर स्थित एचडीएफसी बैंक से बदमाशों ने गुरुवार को 20 लाख रुपये लूट लिए. घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनीष सहित पूरी पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है. एसपी ने बताया कि 20 लाख की लूट की बात सामने आई है. पांच अपराधी बैंक में घुसे थे और लूटपाट कर सभी भाग निकले.



चार बैंक कर्मियों के साथ मारपीट की बात भी सामने आ रही है. अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है. दिनदहाड़े लूट की इस वारदात के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है.

### भारत-नेपाल सीमा से एक युवक गिरफ्तार

**अररिया ।** सीमा पार नेपाल के कोशी प्रदेश के भारत-नेपाल सीमा से अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश करते एक नाइजीरियन नागरिक और उसके सहयोगी भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है. कोशी प्रदेश पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार झापा स्थित सशस्त्र पुलिस बल नेपाल बॉर्डर आउट पोस्ट टिरिंग द्वारा गुरुवार सुबह नाइजीरियन नागरिक अनेकोर सिमोन ओगेचुकु और भारतीय नागरिक सनम राई को अवैध रूप से नेपाल प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किया गया.

## कारोबार

### नवीन जिंदल ने अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली ।** जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने गुरुवार को भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया. आईएसए ने बयान में कहा कि नवीन जिंदल ने एएमएनएस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप ओमेन का स्थान लिया है. उनका कार्यकाल 21 मार्च से प्रभावी हो गया है. जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के चेयरमैन नवीन जिंदल को आईएसए की नियामकीय इकाई 'एपेक्स कमिटी' द्वारा सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया है.

### टीएसी का आईपीओ 27 मार्च को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** जोखिम प्रबंधन क्षेत्र की वैश्विक कंपनी टीएसी इन्फोसेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 27 मार्च को खुलेगा. टीएसी इन्फोसेक ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर तय किया है. कंपनी ने गुरुवार को बयान में कहा कि आईपीओ दो अप्रैल को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक 26 मार्च को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे. कंपनी का शेयर एनएसई के लघु एवं मझोले उद्यम मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे. मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी 29.9 करोड़ जुटा सकेगी.

### एनएमडीसी ने 200 रु. प्रति टन की कटौती की

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने लौह अयस्क कीमत 200 रुपये प्रति टन तक घटा दी है. कंपनी ने 'फाइन' अयस्क की कीमत में भी 250 रुपये प्रति टन की कटौती की है. एनएमडीसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि गांठ अयस्क की दरों को संशोधित कर 5,800 रुपये प्रति टन और फाइन की दरों को 5,060 रुपये प्रति टन कर दिया गया है. कंपनी ने कहा कि कीमतें गुरुवार से प्रभावी हो गई हैं और इसमें रॉयल्टी, जिला खनिज निधि, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास, उपकर, वन अनुमति शुल्क और अन्य कर शामिल नहीं हैं. पिछला मूल्य संशोधन 24 जनवरी को हुआ था.

#### पैरालिसिस मरीज के एक वीडियो को शेयर करते हुए एलन मस्क ने कहा

# न्यूरालिंक ने टेलीपैथी का प्रदर्शन किया

भाषा । नयी दिल्ली

तकनीक की मदद से किसी की जिंदगी में बहुत बदलाव जा सकता है. जिंदगी को बेहतर किया जा सकता है. यहां तक कि पैरालिसिस के मरीज भी चलाया जा सकता है. लेकिन मस्क चाहते हैं कि पैरालिसिस का मरीज कंप्यूटर भी चला सके. इसके लिए ही एलन मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक कुछ प्रयोग कर रही है. इसे लेकर मस्क काफी उत्साहित हैं. हाल ही में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक वीडियो शेयर किया. इस वीडियो में एक शख्स अपने दिमाग के जरिए कंप्यूटर का कर्सर हिला रहा है और ऑनलाइन शतरंज खेल रहा है. इस शख्स का नाम नोलैंड आर्बांघ है. आर्बांघ को एक एक्सिडेंट में कंधों के नीचे लकवा मार गया था और इसी साल जनवरी में इनके दिमाग में न्यूरालिंक की चिप इम्प्लांट की गई थी.

आर्बांघ ने वीडियो में कहा कि मैंने वह गेम खेलना छोड़ दिया था, लेकिन अब इसे फिर से खेल पा रहा हूं. मस्क ने इस वीडियो को शेयर किया और लिखा कि न्यूरालिंक ने टेलीपैथी का प्रदर्शन किया. जाहिर है इस वीडियो के जरिये मस्क ने न्यूरालिंक के प्रयास की सराहना की.



### उम्मीद बरकरार

- एलन मस्क की है ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक
- एक छोटे सिक्के के आकार का है चिप डिवाइस
- चिप के जरिए दृष्टिहीन लोग भी आगे देख पाएंगे

### हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं

यह डिवाइस कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी (न्यूरल इम्पल्स) से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है. उदाहरण के लिए, पैरालिसिस से पीड़ित व्यक्ति मस्तिष्क में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल यह सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे कि वे इसे कैसे मूव करना चाहते हैं. न्यूरालिंक ने कहा कि हम पूरी तरह से इम्प्लांटेबल, कॉस्मैटिक रूप से अदृश्य ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिजाइन कर रहे हैं, ताकि आप कहीं भी जाने पर कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस को कंट्रोल कर सकें. माइक्रोन-स्केल थ्रेड्स को ब्रेन के उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करते हैं. हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं जो उन्हें लिंक नामक इम्प्लांट से जोड़ते हैं. कंपनी ने बताया कि लिंक पर थ्रेड इतने महीन और लचीले होते हैं कि उन्हें मानव हाथ से नहीं डाला जा सकता. इसके लिए कंपनी ने एक रोबोटिक प्रणाली डिजाइन की है जिससे थ्रेड को मजबूती और कुशलता से इम्प्लांट किया जा सकता है.

बता दें कि यह डिवाइस एक छोटे सिक्के के आकार का है, जो ह्यूमन ब्रेन और कंप्यूटर के बीच सीधे कम्युनिकेशन चैनल बनाती है. अभी इसका ह्यूमन ट्रायल चल रहा है. अगर ट्रायल पूरी तरह कामयाब रहा तो चिप के जरिए दृष्टिहीन लोग देख पाएंगे. पैरालिसिस के मरीज चल-फिर सकेंगे और कंप्यूटर भी चला सकेंगे. कंपनी ने इस चिप का नाम लिंक रखा है. सितंबर 2023 में मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक को अपने पहले ह्यूमन ट्रायल के लिए इंडिपेंडेंट इंस्टीट्यूशनल रिव्यू बोर्ड से रिक्रूटमेंट की मंजूरी मिली थी. यानी मंजूरी के बाद न्यूरालिंक ह्यूमन ट्रायल के लिए लोगों की भर्ती कर कर उन पर इस डिवाइस का ट्रायल करेगा.

#### भारतीय एयरलाइन कंपनियां

### 24,275 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों का परिचालन करेंगी

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय एयरलाइन कंपनियां 31 मार्च से शुरू होने वाली ग्रीष्मकालीन सारिणी के दौरान कुल 24,275 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों का परिचालन करेंगी. यह आंकड़ा पिछले साल से लगभग छह प्रतिशत अधिक है. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम में अनुसूचित कंपनियों द्वारा कुल 23,732 साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है. ग्रीष्मकालीन सारिणी में उड़ानों की संख्या इससे 2.30 प्रतिशत अधिक है. इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक होगा. डीजीसीए ने कहा कि प्रति सप्ताह 24,275 उड़ानें रवाना होंगी, जिन्हें ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के अनुसार 125 हवाईअड्डों के लिए/से अंतिम रूप दिया गया है. विमानन नियामक ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, इन 125 हवाई अड्डों में से आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट, गोंदिया, जलगांव, मुरादाबाद और पिथौरागढ़ अनुसूचित एयरलाइनों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं.

#### श्नाइडर इलेक्ट्रिक

## 3,200 करोड़ निवेश करेगी

भाषा। बेंगलुरु

ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन क्षेत्र की कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा कि वह भारत को घरेलू बिक्री के साथ निर्यात के लिए अपना विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 2026 तक 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने इस योजना के तहत बृहस्पतिवार को यहां डेटा सेंटर के लिए कूलिंग समाधान तैयार करने को 100 करोड़ रुपये के निवेश से एक संयंत्र का उद्घाटन किया. श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के अध्यक्ष (वृहद भारत) और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपक शर्मा ने संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर पीटीआई-भाषा से कहा कि कंपनी भारत को समूह के लिए विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 3,200 करोड़ का निवेश करेगी.



## कार, मशीनरी की मजबूत मांग से निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा

भाषा। तोक्यो

कारों और इलेक्ट्रिकल मशीनरी निर्यात में तेजी के बीच फरवरी माह में जापान के कुल निर्यात में 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी. सीमा शुल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कुल निर्यात 8.2 लाख करोड़ येन (55 अरब डॉलर) रहा. देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में व्यापार घाटा सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक घटकर 379 अरब येन (2.5 अरब डॉलर) रह गया है. यह लगातार दूसरा महीना है जबकि जापान व्यापार घाटे की स्थिति में है. आंकड़ों के अनुसार, चीन को निर्यात केवल 2.5 प्रतिशत बढ़ा और पूरे एशिया में निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक हुआ.

#### गोल्ड मार्केट — इंटरनेशनल मार्केट में नई ऊंचाई पर सोना, भारत में भी आ सकती है तेजी

# पहली बार 2,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार किया

एजेंसी। नई दिल्ली

वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में सोना ऊंचाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत पहली बार 2,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई. वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में ये उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दर में कटौती करने का संकेत दिए जाने की वजह से माना जा रहा है. भारतीय सर्राफा बाजार में भी सोना के नई ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना जताई गई है. इस साल फरवरी के मध्य से ही सोने की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है. भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार को मजबूत करने के लिए लगातार खरीदारी कर रहे हैं, जिसकी वजह से इस चमकीली धातु की कीमत में उछाल आया हुआ है. इसके साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से आए उत्साहजनक संकेत की वजह से आज वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में हाजिर सोना 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,201.94 डॉलर प्रति औंस के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया.



पिछले सप्ताह भी इंटरनेशनल मार्केट में ट्रेडर्स ने गोल्ड में अपनी लॉन्ग पोजिशन बनाई थी, जिसके कारण ये चमकीली धातु 2019 के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी. ऐसे में बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने ब्याज दरों में कटौती करने का एक बार फिर संकेत देकर गोल्ड मार्केट में उत्साह का माहौल बना दिया. माना जा रहा है कि अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपने संकेतों के मुताबिक ब्याज दरों में कटौती करता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है.

#### बिटकॉइन 66 हजार डॉलर के पार पहुंचा

### टॉप-10 की सभी क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन रौनक नजर आ रही है. बाजार में गुरुवार को खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से कोई भी रेड जोन में नहीं है. दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत टॉप-10 में शामिल हर क्रिप्टो करेंसी ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही है. गुरुवार की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 66 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है. भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 5.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66,873.59 डॉलर यानी 55.59 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था.

## एमएंडएम ने अडाणी टोटल एनर्जी के साथ किया समझौता

भाषा। नयी दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए अडाणी टोटल गैस की एक इकाई के साथ समझौता किया है. प्रमुख वाहन कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि उसने अडाणी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड के साथ इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. बयान के अनुसार, एमओयू देशभर में एक विस्तृत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक खाका तय करता है. एमएंडएम ने कहा कि इसके अलावा, साझेदारी में खोज, उपलब्धता, नेविगेशन और लेनदेन को कवर करने वाले ग्राहकों के लिए चार्जिंग नेटवर्क तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए ई-मोबिलिटी समाधान पेश करना भी शामिल होगा. इसमें कहा गया है कि इस सहयोग से इलेक्ट्रिक वाहन एक्सयूवी400 ग्राहकों के पास अब 1,100 से अधिक चार्जर तक पहुंच होगी. एमएंडएम के वाहन खंड के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, यह गठबंधन ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में एक आधारशिला है. यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहकों को एक अद्वितीय ईवी अनुभव के लिए चार्जिंग और डिजिटल एकीकरण तक निर्बाध पहुंच का आनंद मिले.

